**1. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प विकास और वृद्धि के बीच का अंतर सही रूप में दर्शाता है?**

A. वृद्धि हमेशा सकारात्मक होती है; विकास मात्रात्मक होता है।
B. वृद्धि गुणात्मक है; विकास तटस्थ होता है।
C. वृद्धि मात्रात्मक है; विकास गुणात्मक और सकारात्मक होता है।
D. वृद्धि का अर्थ केवल गिरावट है; विकास प्रगति है। (C)

*व्याख्या :* वृद्धि संख्या या आकार में बदलाव को दर्शाती है जबकि विकास जीवन की गुणवत्ता को सुधारने वाला गुणात्मक परिवर्तन होता है।

**2. मानव विकास की संकल्पना किसने प्रस्तुत की थी?**

A. प्रो. अमर्त्य सेन B. महात्मा गांधी
C. डॉ. महबूब-उल-हक D. एलेन सेम्पल (C)

*व्याख्या :* डॉ. महबूब-उल-हक ने 1990 में मानव विकास की संकल्पना दी और मानव विकास सूचकांक (HDI) की शुरुआत की।

**3. निम्नलिखित में से कौन मानव विकास के स्तंभों में शामिल नहीं है?**

A. समानता B. सततता
C. उत्पादकता D. आधारभूत संरचना (D)

*व्याख्या :* मानव विकास के चार स्तंभ हैं — समानता, सततता, उत्पादकता और सशक्तिकरण। आधारभूत संरचना आवश्यक है लेकिन यह स्तंभ नहीं है।

**4. क्षमता दृष्टिकोण (Capability Approach) मानव विकास में किस पर केंद्रित होता है?**

A. सरकारी योजनाएं
B. केवल आर्थिक वृद्धि
C. सभी की मूल आवश्यकताएं
D. स्वास्थ्य, शिक्षा और संसाधनों में क्षमताओं का निर्माण (D)

*व्याख्या :* खनिजों वाले क्षेत्र उद्योगों को आकर्षित करते हैं जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। जैसे अफ्रीका का कातांगा क्षेत्र तांबे के कारण घना बसा है।

**5. अमर्त्य सेन द्वारा प्रस्तुत क्षमता दृष्टिकोण के अनुसार व्यक्ति की क्षमता बढ़ाने से ही असली मानव विकास संभव है।**

A. जन्म दर B. जन्म के समय जीवन प्रत्याशा
C. शिशु मृत्यु दर D. पोषण स्तर (B)

*व्याख्या :* HDI में स्वास्थ्य को मापने के लिए जन्म के समय जीवन प्रत्याशा को लिया जाता है, जिससे दीर्घ और स्वस्थ जीवन की संभावना पता चलती है।

**6. मानव विकास में 'समानता' का क्या अर्थ है?**

A. सभी को बराबर पैसा देना
B. सभी को अवसरों तक समान पहुंच देना
C. एक जैसे स्कूल और अस्पताल
D. राजनीतिक शक्ति का समान वितरण (B)

*व्याख्या :* मानव विकास में समानता का अर्थ है— जाति, लिंग या आय के भेदभाव के बिना सभी को समान अवसर देना।

**7. भूटान किस विशेष मापदंड से राष्ट्रीय प्रगति को मापता है?**

A. सकल घरेलू उत्पाद (GDP)
B. सकल राष्ट्रीय आय
C. मानव विकास सूचकांक
D. सकल राष्ट्रीय खुशहाली (GNH) (D)

*व्याख्या :* भूटान विकास को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं देखता, बल्कि खुशहाली, संस्कृति और पर्यावरण संतुलन के आधार पर भी मापता है।

**8. मानव निर्धनता सूचकांक (HPI) क्या मापता है?**

A. केवल आय असमानता
B. मानव विकास में कमी
C. प्रति व्यक्ति आय
D. संसाधनों का वितरण (B)

*व्याख्या :* HPI यह दर्शाता है कि किसी क्षेत्र में लोग कितनी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ जल आदि।

**9. HDI के अनुसार 0.549 से कम स्कोर वाले देश किस श्रेणी में आते हैं?**

A. उच्च मानव विकास B. मध्यम मानव विकास
C. निम्न मानव विकास D. बहुत उच्च मानव विकास (C)

*व्याख्या :* HDI के आधार पर 0.549 से कम स्कोर वाले देशों को निम्न मानव विकास वर्ग में रखा जाता है।

**10. मानव विकास रिपोर्ट 2021–22 के अनुसार कौन-सा देश पहले स्थान पर है?**

A. नॉर्वे
B. स्विट्ज़रलैंड
C. स्वीडन
D. ऑस्ट्रेलिया (B)

*व्याख्या :* 2021–22 की रिपोर्ट में स्विट्ज़रलैंड ने पहला स्थान प्राप्त किया है, जिसने सभी क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रदर्शन किया।

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES